Total Pages : 8

# KN-53

## B.A. (Part-II) Examination, 2022

## ( New Course )

## HINDI LITERATURE

## [ Paper : First ]

## ( अर्वाचीन हिन्दी काव्य )

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

*Minimum Passing Marks : 25*

**निर्देशः** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से **किन्हीं तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : [7×3=21]

(क) संसार में किसका समय है एक सा रहता सदा,
है निशि दिवा सी घूमती सर्वत्र विपदा-सम्पदा।
जो आज एक अनाथ है, नरनाथ कल होता वही,
जो आज उत्सव मग्न है, कल शोक से रोता वही।।

(ख) काट अंध-उर के बंधन-स्तर
बहर जननि, ज्योतिर्मय निर्झर,
कलुष-भेद-तम हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे!

(ग) धूम-धुआँरे, काजल कारे
हम ही बिकरारे बादल,
मदन राज के बीर बहादुर,
पावस के उड़ते फणिधर
चमक झमकमय मंत्र वशीकर
छहर घहरमय विष सीकर,
स्वर्ग सेतु-से इन्द्रधनुषधर,
कामरूप घनश्याम अमर!

(घ) सदा सहता, सदा श्रम साधता मर-मर
वही है जो लिये छोटों का मृत-वृत है,
तनिक छोटों से घुल-मिलकर रहो जीवन
बड़े सब मिट गये, छोटे सब सलामत हैं।

तुम्हारी चरण रेखा देखते हैं वे
उन्हें भी देखने का तुम समय पाओ
तुम्हारी आन पर कुर्बान जाते हैं
अमीरों से जरा नीचे उतर आओ।

(ङ) जो मुझे सुनाती
जीवन के विह्वल सुख-क्षण का गीत-
खोलता रूप-जगत के द्वार जहाँ
तेरी करूणा
बुनती रहती है
भव के सपनों, क्षण के आनंदो के
रहःसुप्त अविराम-
उस भोली मुग्धा को
कँपती
डाली से विलगा न सकी।

2. काव्य कृतियों के आधार पर इस कथन को सिद्ध कीजिए कि "मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीय जागरण की चेतना के वाहक थे।" [12]

अथवा

"निराला छायावाद के सर्वाधिक वैविध्यशाली कवि है, उनकी अदम्य प्रतिभा तमाम बन्धनों को तोड़ देती है।" इस कथन के आधार पर निराला की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

3. "प्रकृति पन्त की चिरसंगिनी है।" इस कथन के आलोक में पन्त जी के प्रकृति चित्रण की विवेचना कीजिए। [12]

**अथवा**

"माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य में राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति है।" अपने विचार व्यक्त कीजिए।

4. **किन्हीं तीन** लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [5×3=15]

(क) 'प्रियप्रवास' की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए।

(ख) सुभद्रा जी के काव्य के कलापक्ष पर टिप्पणी लिखिए।

(ग) श्रीकान्त वर्मा की कविताएँ अनुभूतियों का खजाना है। समीक्षा कीजिए।

(घ) प्रगतिवाद काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियाँ।

(ङ) अज्ञेय जी की बिम्ब एवं प्रतीक योजना।

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं पन्द्रह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :[15]

(क) गुप्त जी की रचनाओं का प्रमुख स्वर क्या है?

(ख) 'मतवाला' कहाँ से प्रकाशित होता था?

(ग) 'अरे यायावर रहेगा याद' किस कविता की पंक्ति है?

(घ) निराला जी की प्रथम कविता संग्रह का नाम लिखिए।

(ङ) श्रीकान्त वर्मा की दो कृतियों के नाम लिखिए।

(च) नयी कविता का प्रवर्तक कवि किन्हें माना जाता है?

(छ) 'निःशस्त्र सेनानी' कविता किस महापुरूष को समर्पित है?

(ज) वीणा किसकी रचना है

(झ) द्विवेदी युग का समय बताइए।

(ञ) 'स्वर्ण शस्य पद तल लुंठित' किस कविता की पंक्ति है?

(त) 'मैं बेच रही हूँ दही' कविता में किसका चित्रण है?

(थ) 'हिन्दी के सुमनों के प्रति पत्र' किसे सम्बोधित है?

(द) हरिऔध जी का पूरा नाम लिखिए।

(ध) 'हरी घास पर क्षण भर' किसकी रचना है?

(न) “बली पंथी” कविता में किसके लिए संदेश है?

(प) प्रथम तारसप्तक का प्रकाशन किसने किया है?

(फ) ‘एक भारतीय आत्मा’ नाम से किस कवि को जाना जाता है?

----x----